साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 11.7.2021 से 17.7.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



साप्ताहिक सूचना पत्र

'डायल 112' सेवा की शुरूआत

(दिनांक 12.07.21)

विषय: 'डायल 112' सेवा की शुरूआत

प्रभाव: आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट 'डायल 112' की शुरूआज पंचकूला से की। यह एक आपातकालीन सेवा है जो किसी भी प्रकार की संकट की घड़ी में हरियाणा के नागरिकों को सहायता प्रदान करेगी। इस सेवा के शुरू होने के बाद अब :–

- कोई भी नागरिक 112 डायल कर किसी भी आपात स्थिति में (अग्नि कांड, एक्सीडेंट, पुलिस सहायता) मद्द ले सकता है।
- 'डायल 112' के तहत 600 नई गाड़ियों को पुलिस के काफिले में शामिल किया गया है जो किसी भी आपातकालिन स्थिति से निपटने में सक्षम है।
- इसके तहत हरियाणा के हर थाने में 2 गाड़ियां दी गई हैं।
- कोई भी नागरिक 'डायल 112' एप के माध्यम से भी इस सुविधा का लाभ ले सकता है।
- डायल 112 के शुरू होने से न केवल समयबद्ध तरीके से लोगों तक मद्द पहुंचेगी बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता और अपराध को रोकने में भी मद्द मिलेगी।
- इसका मुख्यालय पचंकूला और गुरूग्राम में है जहां से यह पूरी व्यवस्था का संचालन किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार हरियाणा के नागरिकों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है और 'डायल 112' पुलिस की कार्यप्रणाली में एक नए युग की शुरूआत है।



साप्ताहिक सूचना पत्र

खेलो इंडिया गेम्स की तैयारियों की समीक्षा बैठक

(दिनांक 12.07.21)

विषय: खेलो इंडिया गेम्स की तैयारियों की समीक्षा बैठक।

निर्णय: आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने खेलो इंडिया गेम्स की तैयारियों को लेकर विभाग के साथ एक समीक्षा बैठक की। विदित है कि इस बार के 'खेलो इंडिया' की मेजबानी हरियाणा को मिली हुई है। जिसकी तैयारी जोरों–शोरों से की जा रही है। उक्त समीक्षा बैठक में निम्न निर्णय लिये गए:–

- 'खेलो इंडिया' से संबंधित सभी सिविल वर्क को आने वाले 1–2 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।
- कोरोना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की भव्यता और तारीखों पर विचार कर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'खेलों इंडिया' के आयोजन में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और यह अब तक हुए आयोजनों में सबसे बेहतर होना चाहिए।

नर्सिंग कॉलेज के संबंध में

(दिनांक 12.07.21)

विषय: नर्सिंग कॉलेज के संबंध में।

निर्णय: आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नर्सिंग कॉलेज की समीक्षा बैठक ली जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:–

- सभी नर्सिंग कॉलेजों को हरियाणा की जरूरतों और डिमांड के हिसाब से अध्ययन कर उनकी मेपिंग की जाए।
- मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगें जहां नहीं हैं।
- नर्सिंग कोर्स में वर्तमान जरूरतो और आधुनिक अस्पतालों को ध्यान में रखते हुए नए कोर्स का समावेश किया जाएगा।
- हरियाणा के बाहर से नर्सिंग पास करने वाले अभ्यार्थियों को हरियाणा में रजिस्ट्रेशन करवाने और काम करने के लिए अब पहले परीक्षा ली जाएगी उसके बाद रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।
- बड़े प्राइवेट अस्पतालों को भी अपने यहां नर्सिंग कॉलजे खोलने की मान्यता दी जाएगी।
- फर्जी और बिना किसी व्यवस्था के चल रहे नर्सिंग कॉलेजों पर कार्यवाही कर उन्हें बंद किया जाएगा।



साप्ताहिक सूचना पत्र

धानक समाज प्रतिनिधि मडंल से मुलाकात

(दिनांक 13.07.21)

विषय: धानक समाज प्रतिनिधि मडंल से मुलाकात।

प्रभाव: आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर धानक समाज के प्रतिनिधि मंडल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर धानक समाज के सम्मानित जनों ने राज्य–भर में कबीर जयंती को धूम–धाम से मनाने और समाज के लिए लिए गए विभिन्न कार्यों के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार और धन्यवाद किया।

गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग

(दिनांक 13.07.21)

विषय: गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग।

प्रभाव: माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम प्रवास के दौरान गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग ली। जिसमें मुख्यमंत्री जी ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश और हिदायत भी दी कि वह मुख्यमंत्री के आने का या ग्रीवेंस मीटिंग होने का इंतजार न करें बल्कि लोगों को जो समस्याएं उनके पास आती हैं उनका जल्द से जल्द समाधान कर उन्हें निपटाए।



साप्ताहिक सूचना पत्र

राज्यपाल महोदय का शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 24.06.21)

विषय: राज्यपाल महोदय का शपथ ग्रहण समारोह।

प्रभाव: आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के नए नियुक्त हुए राज्यपाल महामहिम श्री बंडारू दत्तात्रेय जी के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की और उन्हें हरियाणा का राज्यपाल बनने पर बधाई दी।